Enclosure-13

कार्यालय मुख्य अग्नि शमन अधिकारी देहरादून।

पत्रांक: म-9/सीएफओ(एफ0एस0)/18-D-FO-156 दिनांक: अक्टूबर 02, 2018

सेवा में,

प्रधानाचार्य/प्रबन्धक
साईग्रेस एकेडमी इण्टरनेशनल
Saigrace Academy International
खसरा नम्बर–469 मौजा रायपुर
जनपद–देहरादून।

कृपया आपके द्वारा अग्निशमन एवं आपात सेवा उत्तराखण्ड की वेबसाईट पर आवेदित यूनिक नम्बर–96762146 दिनांक 25.09.2018 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा साईग्रेस एकेडमी इण्टरनेशनल, खसरा नम्बर 469 मौजा रायपुर, जनपद देहरादून पर शैक्षणिक भवन की अग्नि शमन सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धी अन्तिम अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने की अपेक्षा की गई है।

उक्त के क्रम मे प्रश्नगत शैक्षणिक भवन का निरीक्षण प्राथमिक अग्नि सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देहरादून द्वारा किया गया एवं संस्तुति आख्या दिनांक 28.09.2018 को इस कार्यालय को प्रेषित की गई। निरीक्षण आख्या निम्नवत् है:–

1. निरीक्षण की तिथि को प्रश्नगत भवन तक अग्निशमन का वाहन आसानी से पहुँच सकता है।
2. निरीक्षण की तिथि को प्रश्नगत भवन दो ब्लॉक मे निर्मित है। एक ब्लॉक भवन भूतल, प्रथम एवं द्वितीय तल में तथा द्वितीय ब्लॉक भूतल एवं प्रथम तल में निर्मित है।
3. निरीक्षण की तिथि को प्रश्नगत स्थल में 15 हजार लीटर क्षमता के भूमिगत फायर स्टैटिक टैंक का प्राविधान किया गया है।
4. निरीक्षण की तिथि को प्रश्नगत भवन में 05 हजार लीटर क्षमता के टैरिस टैंक का प्राविधान किया गया है।
5. निरीक्षण की तिथि को प्रश्नगत भवन में होजरील का प्राविधान किया गया है।
6. निरीक्षण की तिथि को प्रश्नगत भवन मे फायर पम्प का प्राविधान किया गया है।
7. निरीक्षण की तिथि को प्रश्नगत भवन में अग्निशामक यंत्र स्थापित किये गये है जो कार्यशील एवं संतोषजनक दशा में पाये गये।
8. निरीक्षण की तिथि को प्रश्नगत भवन की विद्युत व्यवस्था एम0सी0बी0 एवं ई0एल0सी0बी0 पर आधारित है।
9. स्वामी/प्रबन्धक को निकास मार्गों/सैट बैक को सदैव अवरोध रहित रखने तथा एम0सी0पी0 लगाने हेतु निर्देशित किया गया।
10. प्रश्नगत भवन में कार्यरत कर्मचारियों को अग्निशमन यन्त्र संचालन का ज्ञान होना आवश्यक है।
11. प्रश्नगत शैक्षणिक भवन विस्तार/अतिरिक्त निर्माण करने पर अलग से अग्निशमन विभाग से अग्निशमन व्यवस्था का कार्यशीलता प्रमाण पत्र लिया जाना आवश्यक होगा।
12. प्रश्नगत स्कूल भवन मे फायर सर्विस का टेलीफोन नम्बर–101, 0135–2716242 एवं पुलिस कन्ट्रोल रूम का टेलीफोन नम्बर–100 एवं एम्बूलेन्स का टेलीफोन नं0–108 अंकित किये जाने हेतु प्रबन्धक/स्वामी को निर्देशित किया गया है।

अतः उपरोक्त अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं के आधार पर साईग्रेस एकेडमी इण्टरनेशनल, खसरा नम्बर 469 मौजा रायपुर, जनपद देहरादून पर शैक्षणिक भवन में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धी पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने में अग्नि शमन विभाग को कोई आपत्ति नही है। वशर्ते शैक्षणिक भवन स्वामी/सोसाइटी/प्रबन्धक प्रश्नगत शैक्षणिक भवन में की गई अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सदैव उच्च स्तर पर बनाये रखेंगे साथ ही की अग्नि शमन विभाग द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन सुनिश्चत करेंगें। भवन स्वामी/सोसाइटी/प्रबन्धक को उक्त शैक्षणिक भवन में स्थापित अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण प्रत्येक वर्ष अग्निशमन एवं आपात सेवा, देहरादून से करवाकर उक्त व्यवस्था का कार्यशील होने का प्रमाण पत्र अवश्य लेना होगा। साथ ही प्रश्नगत शैक्षणिक भवन (स्कूल) में स्थापित अग्नि सुरक्षा व्यवस्था के संचालन हेतु प्राथमिक अग्निशमन प्रशिक्षण प्राप्त सुरक्षा कर्मियों कों रखेगें ताकि किसी आकस्मिकता के समय त्वरित अग्निशमन कार्य किया जा सके। ऐसा न करने पर जारी प्रमाण पत्र स्वतः ही निरस्त समझा जायेगा।

02.10.18
(एस0के0 राणा)
मुख्य अग्नि शमन अधिकारी
देहरादून।

Saigrace Academy International, Raipur, Dehradun

For Saigrace Academy International

President